# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026


# समाजसेवी पुरुषोत्तम सैनी का विद्यालय मे संम्मान, शिक्षा व्यवस्था मे योगदान के लिए मिला विशेष सम्मान।


Publisher

Published on 31 May 2025





## स्थानीय विद्यालय मे आयोजित समारोह मे पुंरुषोत्तम सैनी को शॉल, पट्टका और भगवद गीता भेटंकर किया गया सम्मानित।

संवाददाता,भादरा,राजस्थान

**भादरा,राजस्थान**: स्थानीय **पीएम श्री राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय** में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में समाजसेवी **पुरुषोत्तम सैनी** का भव्य अभिनंदन किया गया। यह सम्मान उन्हें विद्यालय की समस्त व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग और सहभागिता के लिए प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों ने **सैनी जी को शॉल ओढ़ाकर**, **पट्टका पहनाकर,** तथा **भगवद गीता व स्मृति चिन्ह** भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में विद्यालय विकास समिति के सदस्य व पार्षद **हरी प्रकाश शर्मा** ने कहा,

“सैनी जी का जीवन सदैव सामाजिक दायित्वों और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहा है। उनके सेवा कार्य प्रेरणादायक हैं, और विद्यालय की व्यवस्थाओं में उनकी सतत निगरानी व निःस्वार्थ योगदान सराहनीय है।”

शर्मा ने आगे कहा कि **साधारण पृष्ठभूमि** से आने के बावजूद सैनी जी समाज सेवा में समर्पण और **विनम्रता** के साथ कार्य करते हैं, जो उनके **व्यक्तित्व की महानता** को दर्शाता है।

### समारोह मे उंपस्थित गणमान्य नागरिक

इस विशेष अवसर पर कई प्रतिष्ठित नागरिक भी उपस्थित रहे, जिनमें समाजसेवी **सुरेश सहारण, लाल मोहम्मद मुवालजन, भारतीय जीवन बीमा अभिकर्ता आशुराम मोदी, मोनू पारीक, सेवानिवृत्त इंजीनियर राजेंद्र धर्ट, व्याख्याता ओम प्रकाश सुड्डा** और **रमेश कुमार** स्वामी प्रमुख रहे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार और स्थानीय समुदाय ने भी **पुरुषोत्तम सैनी** के योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनके सामाजिक समर्पण को प्रेरणास्त्रोत बताया।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.